माताओं, बच्चों की सेहत के क्षेत्र में इनोवेशन के लिए शुरू किया गया देश का पहला इंक्यूबेटर

नयी दिल्ली(आससे) । माताओं और बच्चों की सेहत के क्षेत्र में इनोवेशन के लिए आपसी सहयोग से शुरू किया गया भारत का पहला इंक्यूबेटर इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव ने आज भारत सरकार मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के साथ मिलकर पोषण उपलब्ध कराने की सेवाओं को मज़बूती देने के लिए पोषण इनोवेशन प्लेटफॉर्म (पीआईपी) की शुरुआत करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य अंतिम छोर पर मौजूद माताओं और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पोषण के स्तर में सुधार करना है। मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय के डायरेक्टर, रणनीतिक

गठजोड़, डॉ. सपना पोटी ने कहा कि पोषण इनोवेशन प्लेटफॉर्म एक अनोखा प्रयास है जो पार्टनर्स और सहयोगियों के मज़बूत नेटवर्क के माध्यम से अलग और विस्तार योग्य दृष्टिकोण के साथ इनोवेशन करने वाले लोगों का मार्गदर्शन और उनकी मदद करते हैं। पीआईपी देश में मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य के लिए विस्तारयोग्य इनोवेशंस को कार्यान्वित करते हुए अवसरों का सृजन करेगा। पीआईपी के मुख्य सलाहकार एवं मार्गदर्शक डॉ. राजन शंकर ने कहा कि भारत ने स्वास्थ्य एवं विकास से जुड़े संकेतकों के लिहाज़ से महत्वपूर्ण प्रगति की है जिससे लाखों लोगों के जीवन में सुधार आया है। इस अनोखे प्रयास का उद्देश्य सरकार, सामुदायिक सेवा के संगठनों और निजी क्षेत्र समेत विभिन्न पक्षों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। इसका लक्ष्य भारत में मौजूद व्यापक टैक्नोलॉजी से जुड़ी प्रतिभाओं और क्षमताओं का लाभ उठाना और देश को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में लगातार आने वाली चुनौतियों का समाधान करना है। उल्लेखनीय है कि पीआईपी की शुरुआत द कैटलिस्ट 2030, इंडिया न्यूट्रिशन कोलैबरेटिव, अकादमिक क्षेत्र, कारोबारों, सरकार और सिविल सोसाइटी के संगठनों और लोगों के नए और बढ़ते समूह ने मिलकर की है जो अच्छी सेहत व देखभाल और भूख की समस्या को कम करने के लिए काम कर रहे हैं।